संख्या: 4/2021/I/67316/2021/46-2002(099)/1/2021

प्रेषक,

बच्चू लाल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

चीनी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 28 मई, 2021

विषय- उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. की चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राविधानित धनराशि रू.2500/-लाख (रूपए पचीस करोड़ मात्र) को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. के पत्र संख्या-2359 यू.पी.एफ./प्र.प्र.(लेखा)/बजट-2021-22, दिनांक 05.05.2021, जिसके माध्यम से उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. की 24 सहकारी चीनी मिलों में से 02 चीनी मिल रमाला तथा सठियांव को छोड़कर अन्य 22 सहकारी चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत हेतु प्राविधानित धनराशि रू.2500/-लाख को अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है, के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. की चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में प्राविधानित रू.25/-करोड़ (रूपए पचीस करोड़ मात्र)की धनराशि को ऋण के रूप में व्यय करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/ प्रतिबन्धों के साथ प्रदान करते हैं तथा आपको अधिकृत करते हैं कि आप कृपया वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग-1 के पैरा-223 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार इस धनराशि को राजकोष से आहरित कर सहकारी चीनी मिल रमाला और सठियांव को छोड़कर अन्य 22 सहकारी चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत हेतु तत्काल उपलब्ध कराएँ:-

- उक्त धनराशि उसी कार्य के लिए व्यय की जाएगी, जिस हेतु स्वीकृत की गई है।
- राज्य सरकार की सामान्य व्यवस्थाओं के अन्तर्गत ऋण की अदायगी 10 वर्षो में की जाएगी।
- ब्याज की दर 14 प्रतिशत (11.50+ 2.50) वार्षिक होगी तथा नियमित अदायगी पर 2.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी तथा प्रभावी ब्याज दर 11.50 प्रतिशत होगी।
- मूलधन/ब्याज अदायगी में व्यवधान होने पर 2.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य न होगी तथा प्रभावी ब्याज दर 14 प्रतिशत देय होगी। दण्डात्मक ब्याज दर अदायगी की निश्चित तिथि से अदायगी की वास्तविक तिथि के ठीक पूर्व तक लागू रहेगी।
- मूलधन एवं ब्याज की पहली किश्त की अदायगी की तिथि ऋण आहरण की पहली वर्षगांठ तिथि होगी। अग्रतर किश्तों की अदायगी इसी प्रकार एक वर्ष की समाप्ति पर पड़ने वाली वर्षगांठ तिथि को की जानी होगी।

2. उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. ऋण के आहरण की सूचना उप महालेखाकार (राजकोष) कार्यालय, महालेखाकार (लेखा) प्रथम, उ.प्र. प्रयागराज को शासनादेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि, लेखा शीर्षक सूचित करते हुए भेजेंगे।

3. संघ द्वारा ऋण की किश्तों का भुगतान किया जाए या उनके द्वारा ब्याज जमा किया जाये, महालेखाकार कार्यालय को सूचना निम्न प्रकार से अवश्य भेजें:-

(1) कोषागार का नाम-
(2) चालान संख्या तथा दिनांक-
(3) जमा धनराशि किश्त ब्याज

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) लेखाशीर्षक जिसके अर्न्तगत जमा किया गया किश्त ब्याज
(5) शासनादेश संख्या और एस.एल.आर. का सन्दर्भ
(6) पिछले जमा का सन्दर्भ

4. चीनी आयुक्त आहरण का प्रत्येक वर्ष के लेखों का मिलान महालेखाकार के कार्यालय के लेखों से अवश्य कराएँ।

5. भविष्य में शासन द्वारा ऋण तभी स्वीकृत किया जायेगा जब यह सुनिश्चित हो जाये कि संघ ने इस प्रकार के वार्षिक लेखों का मिलान महालेखाकार कार्यालय के लेखों से करा लिया है, ताकि प्रत्येक अवशेष ऋण की स्थिति शासन को स्पष्ट रहे और ऋणी संस्था महालेखाकार कार्यालय से इस आशय का प्रमाण-पत्र शासन को अवश्य उपलब्ध करा देंगे।

6. इस शासनादेश में उल्लिखित धनराशि के आहरण वितरण तथा उपयोग की पूर्ण सूचना बाउचर तथा आहरण की तिथि सहित शासन को शीघ्र भेजी जाएगी। प्रधान प्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षरित एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य रूप से शासन/महालेखाकार को प्रेषित किया जायेगा।

7. इस शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन वित्त नियन्त्रक/ मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तों में किसी प्रकार का विचलन हो तो सम्बन्धित वित्त नियन्त्रक आदि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त वित्त विभाग को दे दी जाए।

8. सहकारी चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत हेतु व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

9. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-24 के लेखाशीर्षक-''6860-उपभोक्ता उद्योगों के लिए कर्ज-04-चीनी-101-सहकारी चीनी मिलों के लिए कर्ज-05- उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ की चीनी मिलों के आफ-सीजन मरम्मत के कर्ज-30-निवेश/ऋण'' के नामे डाला जाएगा।

10. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-167-दस-20212022, दिनांक 26 मई, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(बच्चू लाल)
संयुक्त सचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- प्रबन्ध निदेशक,उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लखनऊ।
4- वित्त (व्यय) नियन्त्रण अनुभाग-6/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(बच्चू लाल)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या: 4/2021/ I/67316/2021/46-2002(099)/1/2021, दिनांक 28 मई, 2021 का संलग्नक।

उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि. की चीनी मिलों के आफ सीजन मरम्मत के भुगतान हेतु मिलवार विवरण-

क्र.सं.	चीनी मिल का नाम/जनपद	धनराशि लाख रूपये में
1	अनूपशहर	120.00
2	बीसलपुर	125.00
3	पूरनपुर	130.00
4	तिलहर	130.00
5	घोसी	125.00
6	महमूदाबाद	125.00
7	बिलासपुर	125.00
8	बदायूँ	115.00
9	साथा	125.00
10	सेमीखेड़ा	125.00
11	सुलतानपुर	115.00
12	बागपत	125.00
13	मोरना	110.00
14	ननौता	150.00
15	सरसावां	110.00
16	बेलरायां	100.00
17	गजरौला	110.00
18	कायमगंज	100.00
19	पुवायां	75.00
20	सम्पूर्णानगर	100.00
21	स्नेहरोड़	75.00
22	नानपारा	85.00
योग		2500.00

(रूपये पचीस करोड़ मात्र)

(बच्चू लाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।